की जारी पूंजी बढ़ाकर एक करोड़ रुपये की जा रही है ।

(vii) भारतीय रिजर्व बैंक ने हाल ही में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को अपनी गैर-एसएलआर अधिशेष निधियों को भारतीय यूनिट ट्रस्ट (यूटीआई) की सूचीबद्ध और अन्य योजनाओं, आईडीबीआई, आईसीआई सीआई, आईएफसीआई और सिडबी जैसी लाभ अर्जित करने वाली सावधि ऋणदात्री वित्तीय संस्थाओं में सावधि जमाराशियां राष्ट्रीयकृत बैंकों और लाभ अर्जित करने वाली सरकारी क्षेत्र की संस्थाओं के बांडों और ख्यातिप्राप्त विश्वसनीय कम्पनियों के अपरिवर्तनीय डिबेंचरों में निवेश करने के लाभप्रद अवसर उपलब्ध कराये हैं । इसके अतिरिक्त, भारतीय रिजर्व बैंक ने क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को उनके प्रायोजक बैंकों द्वारा जारी किये जाने वाले जोखिम रहित सहभागिता प्रमाणपत्रों के जरिये अपनी आंशिक अधिशेष गैर-एसएलआर निधियों को अपने प्रायोजक बैंकों के ऋण पोर्ट-फोलियों में नियोजित करने की अनुमति प्रदान की है ।

Installation of TV Transmitter at Ghandyal, Uttar Pradesh

*5. SHRI RAJ NATH SINGH: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) whether Government have received any representation regarding setting up of new TV transmitter at Ghandyal, District Pauri-Garhwal, Uttar Pradesh;

(b) if so, the details thereof; and

(c) what are the reasons for delay in the matter and by when the said TV transmitter *is* likely to be set up?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI K. P. SINGH DEO): (.a) Yes, Sir.

(b) Requests have een received, from time to time, from various quarters for this establishment of a TV transmitter at Gharidyal.

(c) Doordarshan projects are sanctioned subject *to* suitability of location, availability of resources, requisite infrastructure, and inter-se priority. Government has recently approved' the setting up of the Very Low Power TV Transmitter at Ghandyal. It may take approx. 2 years for the cornmissioning of: die transmitter.

राष्ट्रीय वस्त्र निगम की मिलों का पुनरुद्धार

*6. श्रीमती सुषमा स्वराज :
श्री राम जेठमलानी :

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि राष्ट्रीय वस्त्र निगम के अन्तर्गत वस्त्र मिलों के पुनरुद्धार के लिये बनाई गई 2005 करोड़ रुपये की योजना को अभी अंतिम रूप से स्वीकृति प्रदान नहीं की गई है;

(ख) यदि हां, तो उक्त योजना इस समय किस स्तर पर विचाराधीन है;

(ग) क्या यह भी सच है कि उक्त योजना के कार्यान्वयन पूर्ण होने तक वस्त्र मिलों के कर्मचारियों के मासिक वेतन आदि के लिये 15 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है; और

(घ) यदि हां, तो 15 करोड़ रुपये की स्वीकृत राशि को कब तक जारी किये जाने तथा मिलों को दिये जाने की संभावना है ?

वस्त्र मंत्री (श्री जी० वेंकट स्वामी) : (क) और (ख) वस्त्र अनुसंधान संघों ने 2005.72 करोड़ रु० के निवेश से एन.टी.सी. की 79 मिलों के आधुनिकीकरण के लिये एक योजना तैयार की थी । आधुनिकीकरण योजना 36 गैर-अर्धक्षम मिलों को 18 अर्धक्षम मिलों में पुनः संरचित करने पर विचार किया गया है । श्रम मंत्रालय की एन टी सी विषयक त्रिपक्षीय समिति ने सिफारिश की है कि वस्त्र अनुसंधान संघों के प्रस्ताव